सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस कांफ्रेंस दिनाँक 30.08.2023 जनपद सिद्धार्थनगर

- **थाना इटवा क्षेत्रान्तर्गत हुई नृशंस हत्या की घटना का हुआ सफल अनावरण।**
- **थाना इटवा, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम के हत्थे चढ़े 01 हत्यारोपी व 02 बाल अपचारी।**
- **हत्यारोपी के निशानदेही पर आलाकत्ल सर्जिकल ब्लेड बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण व बाल अपचारियो को मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।**

दिनांक 8/9-07-2023 की रात्रि में डा0 नावेद के बुशरा पालीक्लीनिक इटवा में वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह निवासी बन्नी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर की गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। जिसकी सूचना डा0 नावेद द्वारा दिनांक 09-07-2023 को थाना इटवा पर दी गयी थी। उक्त सूचना पर मु0अ0सं0 128/2023 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना इटवा, एस0ओ0जी0 व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया था। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में गठित टीम द्वारा मृतक के मोबाइल फोन के अवलोकन से साक्ष्य संकलन कर घटना का सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक 30-08-2023 को इटवा कस्बे से 01 अभियुक्त व 02 बाल अपचारी को अभियोग मे प्रकाश में लाकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जुम्मन की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त व बाल अपचारीगण को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए क्रमश: माननीय न्यायालय व किशोर न्याय बोर्ड रवाना किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त जुम्मन उर्फ नुरुलहुदा से पूछताछ किया गया तो बताया कि वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह निवासी बन्नी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर जो डा0 नावेद के बुशरा पालीक्लीनिक पर कार्य करता था जिसे मेरे घर से खाने का टिफिन केवल शाम को ₹1000/- प्रति माह की दर से जाता था। मेरा घर व क्लीनिक अगल-बगल है। जिसका प्रेम सम्बन्ध मेरी लड़की से हो गया था। जो मेरी लड़की से व्हाट्सएप पर चैट करता था तथा अपने पास बुलाता था जानकारी होने पर हम लोगो ने काफी समझाया परन्तु नहीं माना। जो मेरी लड़की को लेकर भाग जाने की फिराक में था। जिस कारण मैने अपने दो नाबालिग पुत्रो के साथ मिलकर दिनांक 08-07-2023 की रात्रि के भोजन में नींद की गोली मिलाकर टिफिन भेजा था तत्पश्चात मैं अपने दोनो पुत्रो के साथ क्लीनिक में जाकर मैने सर्जिकल ब्लेड से गला काटकर वसीउल्लाह को मार डाला था।

बरामदगी का विवरण-

01-आलाकत्ल 01 अदद सर्जिकल ब्लेड।
02- 01 अदद मोबाइल फोन।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01- जुम्मन उर्फ नुरुल हुदा पुत्र मोहम्मद सई निवासी अटल नगर वार्ड नंबर 16 डुमरियागंज रोड इटवा बाजार थाना इटवा, सिद्धार्थनगर।
02- दो बाल अपचारी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01-प्र0 नि0 सन्तोष कुमार तिवारी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02-उ0नि0 शेषनाथ यादव, प्रभारी एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
03-उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
04- उ0नि0 संजय राय, रमाकांत सरोज थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
05- मुख्य आरक्षी हरिकेश चौहान, अनूप यादव, आरक्षी नितेश यादव, बृजेश कुमार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
06- मु0आ0 अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, आरक्षी विरेन्द्र त्रिपाठी एस0ओ0जी0 जनपद सिद्धार्थनगर।
07- मु0आ0 देवेश यादव, विवेक मिश्रा, आरक्षी अभिनन्दन सिंह सर्विलांस सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

सिद्धार्थनगर पुलिस

***प्रेस नोट दिनांक 30-08-2023 महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर* ।**

***◆परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण (टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना सिद्धार्थनगर द्वारा 03 परिवारो के मध्य सुलह समझौता कराया गया* ।**

***◆सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया* ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे आज दिनांक 30-08-2023 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 03 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 03 परिवार को बिखरने से बचाया गया । 03 परिवार को बिखरने से बचाने मे थानाध्यक्ष मीरा चौहान, उ0नि0 सुरेश प्रसाद, सुरेश चंद्र पाण्डेय, महिला हेड सविता सिंह, महिला आरक्षी प्रियम्बदा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

***निस्तारित पत्रावली का विवरण* -**

1. अनीता पत्नी विरेन्दर साकिन कुसुम्ही ,थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
2. मीरा पत्नी बब्बू साकिन सिखवता थाना त्रिलोकपुर जनपद सि0नगर
3. ममता पत्नी लालजीत साकिन पकरडिहा थाना बांसी जनपद सि0नगर।

प्रेस नोट दिनांक 30.08.2023 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे आज दिनांक 30-08-2023 को महिला सम्बन्धी अपराध, हत्या का प्रयास इत्यादि में संलिप्त 03 नफर अभियुक्तगण नसीबदार पुत्र आशिक अली उर्फ कोचई निवासी कुड़जा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, अभियुक्त राममिलन पुत्र रामरामअधारे निवासी कलनाखोर थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर, तथा अभियुक्त राजन पुत्र भुलई निवासी गेंगटा जनपद सिद्धार्थनगर के विरूद्ध थाना खेसरहा के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3(3) गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 कार्यवाही की गयी ।

प्रेस नोट दिनांक 30-08-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

*** ◆थाना मिश्रौलिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**

*** ◆दुष्कर्म का 01 आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे* ।**

***◆गिरफ्तार 01 आरोपी को माननीय न्यायालय भेजा गया* ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के नेतृत्व में आज दिनांक 30**.08.2023** को थाना मिश्रौलिया पर पंजीकृत मु**0**अ**0**सं**0** 135**/2023** धारा **354**, 376 भा0द0वि0 व 3/4 पॉस्को एक्ट से संबंधित अभियुक्त गणेश पुत्र रामू साकिन नागचौरी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण*-**

01- **गणेश पुत्र रामू साकिन नागचौरी थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण*-**

01- अरविन्द कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

02. उ0नि0 हरीराम भारती थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

03. आरक्षी लल्लन कुमार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

04. आरक्षी विश्वजीत थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 30-08-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

*** ◆थाना उसका बाजार पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**

*** ◆दुष्कर्म का 01 आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे* ।**

***◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया* ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उसका बाजार के नेतृत्व में आज दिनांक 30**.08.2023** को थाना उसका बाजार पर पंजीकृत मु**0**अ**0**सं**0** 244**/2023** धारा **3**52, 376, 452, 504,506 भा0द0वि0, 3(2)**V, 3(2)Va** व 3(1) ध तथा एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त बलराम

पाण्डेय पुत्र तपेश्वर पाण्डेय निवासी घुघुलिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण*-**

01-**बलराम पाण्डेय पुत्र तपेश्वर पाण्डेय निवासी घुघुलिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण*-**

01- उ0नि0 चन्द्रशेखर पाण्डेय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

03. आरक्षी रामकरन थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

04. आरक्षी मनीष यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 30.08.2023 जनपद सिद्धार्थनगर

◆कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु "शक्ति दीदी" के माध्यम से प्रत्येक माह (दिनांक-21-30 तक) चलाया जा रहा है 10 दिवसीय विशेष अभियान।

◆समस्त बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को किया जा रहा है जागरुक।

◆महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 30.08.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ किया। चौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे-1090, 112, 1076, 1098, 108,102 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु बताया गया। साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने हेतु बताया गया। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

<u>*प्रेस नोट दिनांक 30.08.2023 जनपद सिद्धार्थनगर*</u>

***◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता* ।**

***◆पशुओं के प्रति क्रुरता करने वाला 01 आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे* ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ के नेतृत्व में शोहरतगढ़ पुलिस टीम व एस.एस.बी. द्वारा आज दिनांक **30.08.2023** को चेकिंग के दौरान ग्रामं पैकी से पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले 01 मुमताज को गिरफ्तार कर थाना शोहरतगढ़ पर मु.अ.सं. **301/23** धारा **11** पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- मुमताज पुत्र शौकत निवासी छोटकी तकिया थाना कोतवाली जनपद बहराइच।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ**0**नि**0** अमित कुमार शाही थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

2-हे**0**का**0** इकरामुल्लाह खान थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थ नगर।

3-का**0** दुर्गेश गुप्ता थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस-नोट दिनांक 3**0.08.2023 **जनपद सिद्धार्थनगर

***◆पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर द्वारा त्यौहार रक्षाबन्धन / चेहल्लुम आदि के दृष्टिगत किया गया पैदल गश्त/चेकिंग* ।**

***◆आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील किया गया* ।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा त्यौहार रक्षाबन्धन / चेहल्लुम आदि के दृष्टिगत कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु एवं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज दिनांक **30.08.2023** को थाना उसका बाजार के कस्बा उसका बाजार में पैदल गश्त किया गया तथा कस्बा उसका बाजार मे संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं/वाहनों की चेकिंग की गयी तथा आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील किया गया। पैदल गश्त के दौरान थानाध्यक्ष उसका बाजार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

प्रेस-नोट दिनांक 30.08.2023 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा त्यौहार रक्षाबन्धन / चेहल्लुम आदि के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में किया गया पैदल गश्त/चेकिंग।

◆आमजन से संवाद स्थापित कर लोगों से आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 30.08.2023, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहार रक्षाबंधन/चेहल्लुम/जन्मअष्टमी आदि के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारीनिरीक्षक/थानाध्यक्षगण द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पैदल गस्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।